You are hereby called upon to pay the amounts to IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC First Bank Limited) as per the details shown in the above table with contracted rate of interest thereupon from their respective dates and other costs, charges etc within 60 days from the date of this publication, failing which the undersigned shall be constrained to initiate proceedings, under Section 13 (4) and section 14 of the SARFAESI Act, against the mortgaged properties mentioned herein above to realize the amount due to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC First Bank Limited)**. Further you are prohibited under Section 13 (13) of the said Act from transferring the said secured assets either by way of sale/lease or otherwise.

Date: 16-June-2021
Place: Punjab

Authorised Officer
IDFC First Bank Limited
(erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC First Bank Limited)

टीके से पहली मौत की पुष्टि

सरकार ने प्रतिकूल असर की खबरों पर तैयार एक समीक्षा रिपोर्ट में इसका जिक्र किया

सोहिनी दास और रुचिका चित्रवंशी

भारत ने कोविड-19 से बचाव के टीके के दुष्प्रभाव से एक मौत होने की पुष्टि की है। सरकार ने टीकाकरण के बाद कुछ लोगों में प्रतिकूल असर (एईएफआई) की खबरों पर तैयार एक समीक्षा रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया है। रिपोर्ट के अनुसार एक 68 वर्षीय व्यक्ति को 8 मार्च को कोविशील्ड की खुराक दी गई थी। इस खुराक के बाद इस व्यक्ति की एनाफिलैक्सिस (गंभीर एलर्जी) से मौत हो गई। राष्ट्रीय एईएफआई समिति ने इस मौत को 'टीका उत्पाद से संबंधित प्रतिक्रिया' के कारण हुई मौत का नाम दिया है।

4 जून को जारी एक रिपोर्ट में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने ऐसे करीब 31 मामलों की समीक्षा की है जिनमें 18 मामलों का टीकाकरण के बाद हुए प्रभावों से कोई संबंध नहीं था। सात मामले ऐसे रहे जिनमें पुख्ता तौर पर कुछ कहना मुमकिन नहीं था, जबकि तीन मामलों को टीका उत्पाद से संबंधित प्रभावों के तौर पर श्रेणीबद्ध किया गया। एक मामला ऐसा था जिसकी घबराहट और चिंता थी। दो मामले ऐसे थे जिन्हें किसी श्रेणी में नहीं रखा जा सकता था।

स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है, 'अप्रैल 2021 के पहले सप्ताह के आंकड़ों के अनुसार प्रति दस लाख खुराक लगाए जाने के बाद प्रतिकूल प्रभाव से हुई तथाकथित मौत होने की दर 2.7 प्रतिशत थी और प्रत्येक 10 लाख खुराक लगाने के बाद 4.8 मामले ऐसे थे जिनमें लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की खबरें आई थीं।'

- रिपोर्ट के अनुसार एक 68 वर्षीय व्यक्ति को 8 मार्च को कोविशील्ड की खुराक दी गई थी
- इस खुराक के बाद उस व्यक्ति की एनाफिलैक्सिस (गंभीर एलर्जी) से मौत हो गई
- समिति ने इस मौत को 'टीका उत्पाद से संबंधित प्रतिक्रिया' के कारण हुई मौत का नाम दिया

एईएफआई को टीकाकरण के बाद दिखे अवांछित प्रभाव के तौर पर परिभाषित किया गया है और इसका टीकाकरण से कोई सीधा संबंध नहीं है। टीके लगाने के बाद 31 गंभीर मामलों में 28 मृत्यु से और 3 अस्पताल में भर्ती होने और उसके बाद ठीक होने से संबंधित थे। जितने लोगों की मौत हुई थी उनमें सभी को कोविशील्ड के टीके लगाए गए थे। कोवैक्सीन की खुराक देने पर भी मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने के दो मामले आए थे। इनमें एक 22 वर्षीय व्यक्ति (पुरुष) ने अत्यधिक एलर्जी के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था और एक दूसरा 26 वर्षीय व्यक्ति (पुरुष) कुछ समय के लिए बेहोश (सिंकपी) हो गया था। एईएफआई समिति ने पाया कि सिंकपी टीकाकरण के बाद पैदा चिंता की वजह से हुई प्रतिक्रिया थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 टीके लगाने के बाद देश में मौत की जितनी खबरें आई हैं उनका प्रतिशत कुल लगाई गई 23.5 करोड़ खुराक का महज 0.0002 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा, 'जिन 488 मौतों की खबरें आई हैं वे टीकाकरण की वजह से नहीं हुई हैं। इसकी वजह पहले से मौजूद कोई बीमारी या अन्य समस्या हो सकती है। सुरक्षा के मानदंडों पर देश में तैयार टीकों का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है।'

सरकार ने यह भी कहा कि कोविड-19 से संक्रमित पाए गए लोगों में मृत्यु दर 1 प्रतिशत से अधिक है और कोविड-19 के टीकों से इसे रोका जा सकता था। सरकार ने कहा कि टीकाकरण के बाद मौत का जोखिम कोविड-19 संक्रमण से होने वाली मौत की तुलना में न के बराबर है। टीकाकरण के बाद गंभीर प्रतिकूल असर के 31 मामलों की समीक्षा के नतीजों पर राष्ट्रीय एईएफआई समिति ने 5 फरवरी, 9 मार्च और 31 मार्च को मुहर लगाई थी।

दोनों लहरों के दौरान कई आयु वर्ग में संक्रमण की दर रही समान: मंत्रालय

रुचिका चित्रवंशी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि कोरोनावायरस संक्रमण की पहली और दूसरी लहर में विभिन्न आयु वर्ग समूहों में कोविड संक्रमण की संख्या लगभग एक समान रही है। एक साल से लेकर 10 साल उम्र वर्ग के बच्चों में संक्रमण दोनों लहरों के दौरान तीन प्रतिशत से थोड़ा अधिक था। हालांकि, दूसरी लहर के दौरान युवाओं में संक्रमण के मामले में मामूली वृद्धि हुई और 50 साल से अधिक उम्र के लोगों में संक्रमण के मामले में थोड़ी कमी आई। दूसरी लहर के दौरान लगभग 23 प्रतिशत संक्रमण 31-40 उम्र वर्ग में देखा गया जबकि पहली लहर में इस उम्र वर्ग में संक्रमण के 21 प्रतिशत मामले देखे गए थे।

आंकड़े साझा करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि भय का माहौल बनाया जा रहा है कि दूसरी लहर में बच्चे और युवा बड़ी संख्या में संक्रमित हो गए हैं। अग्रवाल ने भारत में कोविड की स्थिति का ब्योरा देते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'दूसरी लहर के दौरान प्रत्येक आयु समूह में संक्रमण समान अनुपात में रहा है। जो लोग अभी तक प्रभावित नहीं हुए हैं वे अब भी वायरस को लेकर संदेह से घिरे हैं और उन्हें ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत है। 1 जुलाई से 31 दिसंबर, 2020 तक पहली लहर के दौरान 21 से 30 साल

दूसरी लहर में 23 प्रतिशत संक्रमण 31-40 आयु वर्ग में देखा गया

उम्र वर्ग में 21-23 फीसदी संक्रमण के मामले देखे गए। दूसरी लहर के दौरान, 15 मार्च से 25 मई तक इस उम्र समूह में कुल संक्रमण करीब 22.5 फीसदी तक था।' संक्रमण की पहली लहर के दौरान 31 से 40 साल उम्र वर्ग के लोगों में संक्रमण 21-23 फीसदी थी जो महामारी की दूसरी लहर के दौरान बढ़कर 22.7 फीसदी तक हो गई। हालांकि भारत में सबसे पहले पाए गए वायरस के डेल्टा किस्म की वजह से दूसरी लहर के दौरान संक्रमण की संख्या में तेजी आई लेकिन सरकार की नजर यूरोप में उभरे एक नए डेल्टा प्लस किस्म पर भी है।

यह पाया गया है कि मोनोक्लोनल एंटीबॉडी इलाज, वायरस की नई किस्म से बचाव में कारगर नहीं रहा। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) और कोविड पर राष्ट्रीय कार्यबल के अध्यक्ष वी के पॉल ने कहा कि वायरस की यह किस्म काफी दिलचस्प है लेकिन अभी यह शोध जारी है कि यह चिंता का विषय है या नहीं। पॉल ने कहा, 'हम इस बारे में चिंतित हैं। हम इसकी अहमियत को समझ रहे हैं और यह नजर रख रहे हैं कि वायरस की यह किस्म विश्व स्तर पर कैसे फैल रही है और इसकी भारत में उपस्थिति है या नहीं। हमारा तंत्र इसी हिसाब से अपनी प्रतिक्रिया देगा।' सरकार ने कहा कि भारतीय सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक कॉन्सोर्टियम या इनसैकोग अपनी 28-प्रयोगशाला प्रणाली के साथ नए किस्म पर लगातार नजर रखेगी। पॉल ने कहा, 'वायरस की नई किस्मों को मारने का कोई तरीका नहीं है। हमें वायरस को फैलने का मौका नहीं देना है। अगर हम इसके प्रसार को कम करते हैं तब हम वायरस की किस्मों को भी कम कर देंगे।'

कोविड संक्रमण मामलों में गिरावट के साथ ही देश में साप्ताहिक संक्रमण दर घटकर 4.8 फीसदी के स्तर पर आ गई। 13 जून को खत्म हुए सप्ताह में देश के 165 जिलों में 100 से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं और इनमें से ज्यादातर देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों में देखे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी कहा कि संक्रमण के सक्रिय मामलों में लगातार गिरावट आई है। देश में 65 दिनों के बाद दस लाख से भी कम सक्रिय मामले हैं।

यूपी में सोमवार से खुलेंगे मॉल, पाबंदी में भी ढील

बीएस संवाददाता

उत्तर प्रदेश में लगातार घटते कोरोना संक्रमण के मद्देनजर योगी सरकार ने प्रतिबंधों में और भी ढील देने का फैसला किया है। प्रदेश में अब सोमवार से शुक्रवार तक लागू आंशिक कोरोना कर्फ्यू के समय को 2 घंटे कम कर दिया है। अब प्रदेश के सभी जिलों में सोमवार 21 जून से सुबह 7 बजे से लेकर रात 9 बजे तक सभी बाजार खुलेंगे जो पहले शाम 7 बजे तक ही था। अब शॉपिंग मॉल भी खोले जा सकेंगे।

हालांकि अभी शनिवार और रविवार की साप्ताहिक बंदी जारी रहेगी। होटलों और रेस्टोरेंटो को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोलने के आदेश भी दिए गए हैं। स्ट्रीट फूड की दुकानों को भी कोरोना प्रोटोकॉल के तहत खोलने का आदेश दे दिया गया है। मंगलवार को कोरोना रोकथाम के लिए गठित वरिष्ठ अधिकारियों की टीम-9 की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संक्रमण के मद्देनजर बेहतर होती स्थितियों के बीच 21 जून से कोरोना कर्फ्यू में और छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना कर्फ्यू रात 9 बजे से अगले दिन सुबह 7 बजे तक प्रभावी होगा। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन के साथ रेस्टोरेंट व मॉल को 50 फीसदी क्षमता के साथ खोला जा सकेगा। इसी तरह, पार्क, स्ट्रीट फूड आदि के संचालन की अनुमति भी दी जाएगी। इन स्थानों पर कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य होगी। दुकानों के साथ सब्जी मंडियां भी रात 9 बजे तक खुल सकेंगी। लेकिन घनी आबादी की सब्जी मंडियों को प्रशासन खुले स्थान पर खुलवाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि नई व्यवस्था के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश समय से जारी कर दी जाए।

21 जून से खुलेंगे शॉपिंग मॉल

संक्रमण में 85 प्रतिशत कमी

केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि सात मई को देश में कोविड-19 के सर्वाधिक मामले आने के बाद से अब रोजाना संक्रमण के मामलों में करीब 85 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है और 20 राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश ऐसे हैं, जहां उपचाराधीन मरीजों की संख्या 5,000 से कम है। कोविड के डेल्टा स्वरूप के बारे में सरकार ने कहा कि यह मार्च महीने से ही प्रभाव में था और अब चिंता का कारण नहीं है। सरकार ने कहा, 'हमें इसके बारे में और अधिक जानना होगा तथा उस पर नजर रखनी होगी।' सरकार ने कहा कि महामारी की दूसरी लहर के दौरान 11.62 प्रतिशत मामले 20 साल से कम आयुवर्ग के लोगों में थे, जबकि पहली लहर में ऐसे मामलों की संख्या 11.31 फीसद थी। सरकार ने कहा कि कोविड के मामलों की सर्वाधिक साप्ताहिक संक्रमण दर 21.4 प्रतिशत रही है, जो 4 से 10 मई के सप्ताह में दर्ज की गई थी। *भाषा*

ऑनलाइन अकाउंट खूब बने

नेहा अलावधी

महामारी के दौरान उपभोक्ताओं के डिजिटल व्यवहार के संबंध में आईबीएम द्वारा किए गए वैश्विक अध्ययन में पाया गया है कि इस वैश्विक महामारी में भारतीयों ने ऑनलाइन सेवाओं की विभिन्न श्रेणियों में औसतन 19 नए ऑनलाइन अकाउंट सृजित किए तथा तीन नए अकाउंट सोशल मीडिया और मनोरंजन के लिए तैयार किए गए।

इस वैश्विक सर्वेक्षण में 22 बाजारों में 22,000 लोगों से उनके ऑनलाइन व्यवहार के बारे में पूछा गया था तथा आईबीएम सिक्योरिटी की ओर से मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा इसे आयोजित किया गया था। सर्वेक्षण में पाया गया कि वैश्विक स्तर पर उत्तरदाताओं ने महामारी के दौरान औसतन 15 नए ऑनलाइन अकाउंट निर्मित किए, जो दुनिया भर में निर्मित किए गए अरबों नए अकाउंट के बराबर हैं। करीब 44 प्रतिशत लोगों ने बताया कि इन नए

अकाउंटों को डिलिट या निष्क्रिय करने की उनकी कोई योजना नहीं है, जिससे आने वाले सालों में डिजिटल फुटप्रिंट बढ़ेगा और साइबर अपराधियों को हमला करने के लिए काफी व्यापक स्थान मिलेगा। महामारी के दौरान सभी श्रेणियों में 50 से ज्यादा भारतीय उत्तरदाताओं ने करीब 27 नए ऑनलाइन अकाउंट निर्मित किए तथा अन्य किसी भी आयु वर्ग की तुलना में ज्यादा नए अकाउंट बनाए। कोविड के दौरान भारत में लोगों ने वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिये सभी प्रकार के कारोबारों तथा संगठनों के साथ और ज्यादा बातचीत की, खास तौर पर बैंकिंग (65 प्रतिशत) और खरीदारी या खुदरा (54) से संबंधित क्षेत्र में।

आईबीएम टेक्नॉलोजी सेल्स (भारत/दक्षिण एशिया) के सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर सेल्स लीडर प्रशांत भटकल ने कहा 'इस सर्वेक्षण की सबसे बड़ी बात यह है कि उपभोक्ता इस महामारी के दौरान डिजिटल संपर्क की सुविधा के अभ्यस्त हो गए हैं और यह चलन समाज द्वारा कोविड से पहले वाले मानदंडों में लौटने के बाद भी जारी रहने की उम्मीद है। जो कंपनियां इस महामारी के दौरान उपभोक्ताओं के साथ डिजिटल जुड़ाव पर ज्यादा निर्भर हैं, उन्हें अपनी सुरक्षा के जोखिम प्रोफाइल के संबंध में इन बदलावों के असर पर जरूर विचार करना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि कंपनियों को मजबूत सुरक्षा व्यवस्था निर्मित करने और संभावित जोखिम सीमित करते समय डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बाधा रहित उपयोगकर्ता अनुभव उपलब्ध कराने के लिए ध्यान देना चाहिए।

SATIN CREDITCARE NETWORK LIMITED

CIN:L65991DL1990PLC041796

Regd. Office: 5th Floor, Kundan Bhawan, Azadpur Commercial Complex, Azadpur, Delhi-110033
Corporate Office: Plot No. 492, Udyog Vihar, Phase-III, Gurugram, Haryana-122016, India
Phone: 0124-4715400. Website: www.satincreditcare.com E-mail: secretarial@satincreditcare.com

Extract of Audited Consolidated Financial Results for the Quarter and Year ended on March 31, 2021

(₹in Lakhs except EPS)

S. No.	Particulars	Quarter Ended March 31, 2021	Quarter Ended March 31, 2020	Year ended March 31, 2021	Year Ended March 31, 2020
		Audited	Audited	Audited	Audited
1	Total Income from operations	31,413.16	28,256.81	1,16,716.44	1,11,000.52
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items #)	5,327.83	1,805.29	(975.39)	21,162.64
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items #)	5,327.83	1,805.29	(975.39)	21,162.64
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items #)	3,761.74	1,308.10	(1398.22)	15,497.26
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	5,643.50	4,639.00	(4890.39)	19,979.73
6	Equity Share Capital	-	-	6647.12	5171.27
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	1,41,969.34	1,39,697.64
8	Earnings Per Share (₹ 10 each) (for continuing and discontinued operations)				
	1. Basic	5.61	2.40	(2.26)	28.83
	2. Diluted	5.28	2.40	(2.26)	28.69
9	Net Worth	1,48,616.46	1,44,868.91	1,48,616.46	1,44,868.91
10	Paid up Debt Capital/Outstanding Debt	1,93,106.56	1,10,497.16	1,93,106.56	1,10,497.16
11	Outstanding Redeemable Preference Shares	2,50,00,000.00	2,50,00,000.00	2,50,00,000.00	2,50,00,000.00
12	Debt Equity Ratio	4.21	3.87	4.21	3.87
13	Capital Redemption Reserve	277	277	277	277
14	Debenture Redemption Reserve	N.A.	N.A	N.A	N.A
15	Debt Service Coverage Ratio	N.A.	N.A	N.A	N.A
16	Interest Service Coverage Ratio	N.A.	N.A	N.A	N.A

- Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit & Loss in accordance with Ind-AS Rules/AS Rules. Whichever is applicable.

(₹ in Lakhs)

Brief of Audited Standalone Financial Results for the Quarter and Year ended on March 31, 2021

S. No.	Particulars	Quarter Ended March 31, 2021	Quarter Ended March 31, 2020	Year ended March 31, 2021	Year Ended March 31, 2020
		Audited	Audited	Audited	Audited
1	Total Income	37,285.37	37,553.37	1,27,307.52	1,40,090.41
2	Profit Before Tax	5,946.76	1,693.76	(976.28)	21,318.76
3	Profit After Tax	4,276.78	1,248.25	(1,356.49)	15,628.71

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of audited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter and year ended on March 31, 2021, filed with the Stock Exchanges under Regulations 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the audited Standalone & Consolidated financial results for the quarter and year ended on March 31, 2021 alongwith report of the Statutory Auditors are available on the website of the Company (i.e. www.satincreditcare.com) and on the websites of the Stock Exchange(s) (i.e. NSE-www.nseindia.com and BSE- www.bseindia.com).
2. Results for Quarter and year ended on March 31, 2021 are in compliance with Indian Accounting Standards (IND-AS) notified by the Ministry of Corporate Affairs.
3. The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of Satin Creditcare Network Limited at their meetings held on June 14, 2021

For Satin Creditcare Network Limited
(Harvinder Pal Singh)
Chairman Cum Managing Director
DIN 00333754

Place: Gurugram
Dated: 14.06.2021

विज्ञापन सेबी (शेयरों और अधिग्रहणों का पर्याप्त अधिग्रहण), विनियम, 2011 के संदर्भ में सार्वजनिक शेयरधारकों को खुली पेशकश के संबंध में संशोधित किया गया

रितेश प्रॉपर्टीज एण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(तत्पश्चात "आरआईएल" या "टारगेट कंपनी" या "टीसी" के रूप में संदर्भित)
(CIN: L74899DL1987PLC027050)

पंजीकृत कार्यालय : 11/5 बी, प्रथम तल, पूसा रोड, नई दिल्ली–110060
फोन नंबर : 011–41537951 / +91–9212359076; फैक्स : एनए
वेबसाइट : www.riteshindustries.us; ईमेल आईडी : riteshlimited8@gmail.com
निगम कार्यालय : प्लॉट नंबर 312, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव 122 015 (हरियाणा), फोन : 0124–4111582

टारगेट कंपनी ("आरआईएल") की पूरी तरह से भुगतान की गई इक्विटी पूंजी का 26.00% का गठन करने वाले 10 रुपये प्रत्येक के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों रुपए 41,05,650/- (रुपये इकतालीस लाख पांच हजार छह सौ पचास मात्र) के अधिग्रहण के लिए नकद प्रस्ताव, फिनडोक फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (तत्पश्चात "अधिग्रहण" के रूप में संदर्भित) द्वारा सार्वजनिक शेयरधारकों से के साथ मिलकर श्री हेमंत सूद और सुश्री सोनिया अग्रवाल ने सामूहिक रूप से "पर्सन एक्टिंग इन कॉन्सर्ट" या "पीएसी" के अनुसार और विनियमन 3(1), 4, 6(1) और (2) के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों और अधिग्रहणों का पर्याप्त अधिग्रहण) विनियमों 2011, के अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, जैसा कि संशोधित किया गया है ("सेबी (एसएएसटी) विनियम" या "एसएएसटी विनियम" या "अधिग्रहण विनियम")

यह विज्ञापन अलमोन्ड्ज ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड ("प्रस्ताव के लिए प्रबंधक"), अधिग्रहण और पैक्स की ओर से सेबी (एसएएसटी) विनियमों के अनुसार खुले प्रस्ताव के संबंध में और उसके अनुसार टारगेट कंपनी की पूर्ण भुगतान की गई विस्तारित इक्विटी पूंजी का 26.00% के गठित रुपये 41,05,650/- (रुपये इकतालीस लाख पांच हजार छह सौ पचास मात्र) के 10 रुपये प्रत्येक के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का पूर्ण भुगतान किए गए ("इक्विटी शेयर") के अधिग्रहण के लिए जारी किया जा रहा है।

सार्वजनिक शेयरधारकों का ध्यानाकर्षण

भौतिक रूप में इक्विटी शेयर रखने वाले सार्वजनिक शेयरधारकों और जिन्होंने किसी भी कारण से प्रस्ताव पत्र (एलओएफ) की भौतिक प्रतिलिपि प्राप्त नहीं कि है, Compliances@skylinerta.com में रजिस्ट्रार और स्थानांतरण एजेंट, स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के अनुरोध भेज सकते है और एलओएफ की एक प्रति का लाभ ले सकते है। वैकल्पिक रूप से, ऐसे सार्वजनिक शेयरधारक https://www.sebi.gov.in में सेबी की वेबसाइट और टारगेट कंपनी की वेबसाइट www.riteshindustries.us, www.skylinerta.com में प्रस्ताव के लिए रजिस्ट्रार, www.almondzglobal.com में प्रस्ताव के प्रबंधक, और www.bseindia.com में बीएसई से एलओएफ (जिसमें स्वीकृति और एसएच–4 का रूप शामिल है) की प्रति डाउनलोड कर सकते है।

सार्वजनिक शेयरधारकों को एलओएफ के पृष्ठ संख्या 33 पर "अन्य आंशिक खुला प्रस्ताव में इक्विटी शेयरों को निविदा देने की प्रक्रिया और उसमें उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करने और उसका पालन करने की आवश्यकता के लिए "स्वीकृति और प्रस्ताव के निपटान के लिए प्रक्रिया" शीर्षक अनुभाग का संदर्भ लेना होता है।

इस विज्ञापन में उपयोग की गई पूंजीकृत शर्तों का उपयोग किया गया है लेकिन परिभाषित नहीं किया गया है, सार्वजनिक घोषणा/डीपीएस/ड्राफ्ट एलओएफ/एलओएफ/शुद्धिपत्र में ऐसी शर्तों का एक ही अर्थ माना जाएगा।

अधिग्रहणकर्ता, इसके निदेशक, अधिग्रहण के निदेशक के रूप में अपनी क्षमता में, और पीएसीएस इस विज्ञापन में निहित जानकारी के लिए और इनका अधिग्रहणकर्ता और पीएसीएस के दायित्वों के लिए भी खुले प्रस्ताव के संबंध में सेबी (एसएएसटी) विनियमों में निर्धारित की गई जिम्मेदारी स्वीकार करते है। यह विज्ञापन www.sebi.gov.in में सेबी की वेबसाइट, www.riteshindustries.us में टारगेट कंपनी, www.skylinerta.com में रजिस्ट्रार को प्रस्ताव, www.almondzglobal.com में प्रबंधक को प्रस्ताव और www.bseindia.com पर बीएसई पर उपलब्ध होगा।

अधिग्रहणकर्ताओं की ओर से और के लिए प्रबंधक द्वारा जारी प्रस्ताव

प्रस्ताव के लिए मर्चेन्ट बैंकर	प्रस्ताव के लिए रजिस्ट्रार
almondz the good changes अलमोन्ड्ज ग्लोबल सिक्युरिटीज लिमिटेड एफ–33/3, फेज–II, ओखला इंडस्ट्रीयल क्षेत्र, नई दिल्ली–110020 संपर्क व्यक्ति : 011–43500700 ई–मेल – merchantbanker@almondz.com वेबसाइट – www.almondzglobal.com निवेशक शिकायत – investorgrievance@almondz.com सेबी पंजीकृत संख्या : INM000000834 वैधता : स्थायी संपर्क व्यक्ति : श्री अजय प्रताप	स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड डी–153–ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रीयल क्षेत्र, फेज–I, नई दिल्ली–110020 संपर्क व्यक्ति : 011–40450193–97 ई–मेल – Compliances@skylinerta.com वेबसाइट – www.skylinerta.com सेबी पंजीकृत संख्या : INR000003241 वैधता : स्थायी संपर्क व्यक्ति : सुश्री सरिता सिंह

अधिग्रहणकर्ताओं की ओर से प्रस्ताव के लिए प्रबंधक द्वारा जारी

फिनडोक फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (अधिग्रहणकर्ता)	श्री हेमंत सूद (पीएसी 1)	श्रीमती सोनिया अग्रवाल (पीएसी 2)
हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 15, जून 2021

मास्क न पहने तो तीसरी लहर खतरनाक

राष्ट्रीय राजधानी में कोरोनावायरस संक्रमण के नए मामलों में कमी आने पर लॉकडाउन में ढील दिए जाने के बीच डॉक्टरों ने मंगलवार को आगाह किया कि अगर लोग सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं करते हैं तो दिल्ली को कोविड की 'दूसरी लहर से भी खराब स्थिति' का सामना करना पड़ सकता है। प्रमुख सरकारी और निजी अस्पतालों के कई डॉक्टरों की टिप्पणी बाजारों से उन तस्वीरों के सामने आने पर आई है जिनमें देखा जा सकता है कि लोग कोविड संबंधी उपयुक्त व्यवहार नहीं कर रहे। कोविड संबंधी उपयुक्त व्यवहार में मास्क पहनना और सामाजिक दूरी का पालन करना शामिल है। अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर सुरनजीत चटर्जी ने चेतावनी दी कि अगर लोग सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं करते हैं और मानदंडों का सख्ती से पालन नहीं किया जाता है तो 'हम फिर से परेशानी में घिर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि अप्रैल में 28,000 से अधिक मामले सामने आ रहे थे और कल 131 नए मामले सामने आए। चटर्जी ने कहा कि संक्रमण के मामलों में यह नाटकीय गिरावट है और अगर लॉकडाउन इसका प्राथमिक कारण था तो 'हमें अब बहुत सावधानी से चलना होगा।'

विशेषज्ञों ने मई के मध्य में कहा था कि प्रमुख रूप से लॉकडाउन के कारण नए मामलों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने आगाह किया था कि मामलों की गंभीरता अभी भी बरकरार है। फोर्टिस अस्पताल की डॉक्टर ऋचा सरीन ने कहा, 'तीसरी लहर के आने का खतरा काफी वास्तविक है और यह कोई कल्पना नहीं है।' *भाषा*

ट्रकचालकाची पोलीस स्टेशन समोर आत्महत्या

वार्ताहर/नागपूर

नागपूर जिल्ह्यातील कोंढाळी पोलीस स्टेशनपासोबत एका ट्रक चालकाने स्वयंचाच ट्रकला गळफास लावून आत्महत्या केली आहे. धक्कादायक बाब म्हणजे चौरीच्या आरोपाखाली काल रात्री कोंढाळी पोलीस स्टेशनमध्ये स्वतः ट्रक चालकाविरुद्ध गुन्हा दाखल करण्यात आला होता आणि पोलीस स्वतः शोध घेत होते. अशोक जीवनलाल नागोरा (वय ४०) असे ट्रकचालकाचे नाव आहे.

९ जूनला अशोक नागोरा यांच्या ट्रकमधून नागपूर जिल्ह्यातील सालवन्ही शिवाजीतील बाजारगाव वैधीन पेट्रोल पंप जवळून तेलाचे तिन चोरीला गेले होते. यानंतर दिनांकी अशोक नागोरा स्वयंच्या ट्रकमधे तेलाचे तिन ठेऊन देन असताना ही घटना घडली होती. या संदर्भात ट्रान्सपोर्ट व्यवसायाचा तक्रारीवरून अशोक नागोरा विरुद्ध गुन्हा दाखल करण्यात आला आहे. याच आरोपातून ट्रकला होती बांधून स्वतःनी गळफास लावून आत्महत्या केली.

ट्रान्सपोर्ट मालकाने वारंवार तीन दिवसांपासून म्हणजे सोमवारी कोंढाळी पोलीस स्टेशनमध्ये तक्रार दाखल केली होती. स्वतःनंर पोलिसांनी अशोक नागोरा यांच्याविरोधात चोरीचा गुन्हा दाखल करत स्वतःचा शोध सुरू केला होता. मात्र, रात्री उशिरापर्यंत अशोक नागोरा माघारी नाही. आज सकाळी ते पोलीस स्टेशनसोबत, स्वयंच्याच ट्रकला गळफास लावलेल्या अवस्थेत दिसून आले.

यशवंतनगर ते पोहरा देवी रस्त्यासाठी २० कोटींचा निधी मंजूर

प्रतिनिधी/मुंबई

वाशिम जिल्ह्यातील यशवंतनगर - कारंजा-हा-सोयजना-पंचाळा राज्य मार्ग १७३ ते पोहरा देवी-आपाकिन्ही रस्त्याला विशेष दुरुस्ती कार्यक्रमअंतर्गत दुरुस्तीचा २० कोटी रुपांना प्रशासन सार्वजनिक बांधकाम मंत्री अशोक सहाण यांनी मंजूर केला.

श्री क्षेत्र पोहरादेवी हे बंजारा समाजाचे श्रद्धास्थान असून या ठिकाणी राज्यासह देशातील बंजारा समाज मोठ्या प्रमाणात येत असतो. भाविकांना येथे विनासायास जाता यावे, वाशाडी पोहरादेवीचा जाणारे रस्ते सुस्थितीत असावेत, अशी भाविकांची मागणी होती. सार्वजनिक बांधकाम मंत्री अशोक चव्हाण यांनी या रस्त्याच्या दुरुस्तीसाठी निधी देण्याचे मान्य केले होते. त्यानुसार, वाशिम जिल्ह्यातील कारंजा-मानोरा मतदारसंघातील यशवंतनगर ते पोहरा देवी - आपाकिन्ही (हिंगा १८) रस्ता या २२.७० किमी रस्त्याच्या दुरुस्तीचा प्रस्ताव शासनाकडे आला होता. वाशाडी सुमारे २० कोटी खर्च अपेक्षित आहे. बाहतुकीसाठी हा रस्ता महत्वाचा असल्याने त्याच्या दुरुस्तीसाठी विशेष रस्ते दुरुस्ती कार्यक्रमअंतर्गत मान्यता देण्यात आली असून या रस्त्याच्या दुरुस्तीचा मार्ग मोकळा झाला आहे.

PRIME

प्राईम सिक्युरिटीज लिमिटेड

सूचना

Edelweiss

इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

पश्चिम रेल्वे

ओएचई कामाची सुधारणा

जाहीर सूचना

BOI बँक ऑफ इंडिया

जाहीर सूचना

जाहीर सूचना

The Free Press Journal Mumbai 93 years old!

FREE PRESS

www.freepressjournal.in

जाहीर सूचना

टाटा कॅपिटल फायनान्स सर्व्हिसेस लिमिटेड

TATA

पंजाब नॅशनल बँक punjab national bank Together for the better

लिबर्टी व्हिडीओ लिमिटेड

स्वस्तिक रोप इंडस्ट्रीज अँड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

almondz

ग्लोबल कॉर्पोरेट फिनान्शियल लिमिटेड

सिंप्लेक्स प्रॉपर्टीज अँड इंडस्ट्रीज लिमिटेड

जाहीर सूचना